समाधान समारोह, 2026

(भारत के सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत दिनांक 21,22,23 अगस्त 2026)

माननीय मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के समबन्ध में दिनांक 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह, 2026 का शुभारम्भ किया गया है| 'सहभागी न्याय' और 'न्याय की घर-घर तक पहुँच' के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए, भारत का सर्वोच्च न्यायालय 'Supreme Court Action for Mediated Adjudication and Disputes Harmonization Across Nation' - समाधान समारोह का आयोजन कर रहा है। यह समारोह 21 अप्रैल, 2026 से शुरू है और 21, 22 और 23 अगस्त, 2026 को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों का, सहमति-आधारित समाधान तंत्रों के माध्यम से, सौहार्दपूर्ण निपटारा सुनिश्चित करना है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बन्धित पक्षों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है। सभी अधिवक्ताओं, वादियों और हितधारकों से अनुरोध है कि वे इस पहल के तहत विवादों के प्रभावी समाधान में सक्रिय रूप से भाग लें और योगदान दें। पक्ष अपने विवादों के निपटारे के लिए व्यक्तिगत रूप से (भौतिक रूप से) या ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर (आभासी रूप से) उपस्थित हो सकते हैं। विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जायेगा जिसमे प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के अंतर्गत आरम्भ हो चुका है, जिसमे माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में प्री-सिटिंग की तारीखें दिनांक 20.05.2026, 22.05.2026, 25.05.2026, 27.05.2026 व 30.05.2026 निर्धारित की गयी हैं| माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा उप समिति, खण्डपीठ लखनऊ द्वारा जनपद बहराइच से सम्बंधित चिन्हांकित प्रकरण में पक्षकार प्री-सिटिंग में उपस्थित होने हेतु अपनी सहमती में ऑनलाइन/व्यक्तिगत माध्यम चुनकर विशेष लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं| उक्त विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह वार्ता हेतु ऑनलाइन/व्यक्तिगत रूप से 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जाएगा। पक्षकार इन सुलह प्रयास बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं| अपने मामले (जो सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित हैं) को समाधान समारोह

(विशेष लोक अदालत) में शामिल करने के लिए पक्ष और उनके वकील नीचे दिए गए लिंक से निर्धारित गूगल फ़ॉर्म भरकर अपना अनुरोध जमा कर सकते हैं:

गूगल फ़ॉर्म लिंक: https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6

https://forms.gle/pRWbif6wAPrcqMsZ8

यह Google फ़ॉर्म वेबसाइट https://www.sci.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

Google फ़ॉर्म भरने की अंतिम तिथि: 31 मई, 2026

हर प्रकार की सहायता/जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाये गये वन स्टॉप सेंटर (वॉर रूम)

प्रभारी का संपर्क नंबर: 011-23112428, 011-23112528

सी.आर.पी निदेशक का सम्पर्क नं-011-23115652, 011-23116465

वन स्टॉप सेंटर (कक्ष संख्या 806 और 808, B ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, भारत का सर्वोच्च न्यायालय) लैंडलाइन नंबर: 011-23116464, 011-23116465

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच, सम्पर्क नं- 05252297175

ईमेल: speciallokadalat2026@sci.nic.in

समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) की जानकारी आप जनपद न्यायालय की वेबसाइट https://bahraich.dcourts.gov.in/ से भी प्राप्त कर सकते हैं|

Vimod Kumar Yadav 15-05-2026

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

बहराइच

पत्रांक- /जि०वि०से०प्रा०-विशेष लोक अदालत-2026 दिनांक:- मई,2026

प्रतिलिपि: 1-जिला सूचना अधिकारी बहराइच कृपया उपरोक्त सूचना समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें|

2-सिस्टम ऑफिसर,कंप्यूटर अनुभाग, बहराइच को उपरोक्त सूचना जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित|

Vimod Kumar Yadav 15-05-2026

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

बहराइच|

SUPREME COURT OF INDIA

SAMADHAN SAMAROH, 2026

(Special Lok Adalat at Supreme Court of India)

To advance the vision of 'participative justice' and 'doorstep delivery of justice', the Supreme Court of India is organising '*Supreme Court Action for Mediated Adjudication and Disputes Harmonization Across Nation'*-SAMADHAN SAMAROH commencing from 21st April, 2026 and culminating into holding of a Special Lok Adalat on 21st, 22nd and 23rd August, 2026.

This Special Lok Adalat aims to facilitate amicable settlement of pending matters before the Supreme Court of India through consent-based resolution mechanisms.

Invitation to Participate

All advocates, litigants and stakeholders are requested to actively participate and contribute to the effective resolution of disputes under this initiative. Parties can appear both physically or virtually on the online platform to arrive at the settlements of their disputes.

How to Apply

Parties and their counsels may submit their request by filling out the prescribed Google Form at:

Google Form Link: https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6

This Google Form is also available at https://www.sci.gov.in/

Last Date to fill the Google Form: 31st May, 2026

For all kinds of assistance/information, please contact:
One Stop Centre (War Room) In-charge for SAMADHAN SAMAROH (Special Lok Adalat) Contact No.: 011-23112428, 011-23112528
One Stop Centre (Room No. 806 & 808, B Block, Additional Building Complex, Supreme Court of India) Landline No.: 011- 23116464, 011-23116465
Contact No. of Director, C.R.P.: 011-23115652

Email: speciallokadalat2026@sci.nic.in

Issued in public interest by the Supreme Court of India

भारत का सर्वोच्च न्यायालय

समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी ।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा । विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा । इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो जायेगा ।

इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

<u>सभी सम्बंधित पक्षों को आमंत्रण</u>

अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है । 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया

जायेगा । इन सुलह-बैठकों का आयोजन राज्य / जिला / तालुका / उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार / समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा / अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार / समिति पक्षकारों की मदद करेंगे । पक्षकार इन सुलह-प्रयास हेतु बैठकों / वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं ।

अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें ।

इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है । इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है । यह गूगल फॉर्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट https://www.sci.gov.in पर उपलब्ध है ।

गूगल फॉर्म लिंक-
https://forms.gle/pRWbif6wAPrcgMsZ8

गूगल फ़ॉर्म भरने की अंतिम तिथि: 31 मई, 2026

हर प्रकार की सहायता / जानकारी के लिए सम्पर्क करें ।

समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाय गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंचार्ज का सम्पर्क नं- 011-23115652; 011-23116464

सी.आर. पी निदेशक का सम्पर्क नं०-011-23115652, 011-23116465

वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय) लैण्डलाइन नं०-011-23116464

इमेल - speciallokadalat2026@sci.nic.in

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनहित में जारी